मैरो गेज लाइनों पर चलने वाली गाड़ियों का रद्द किया जाना

1342. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि रेलवे के विभिन्न जोनों में मैरो गेज लाइनों पर चलने वाली कितनी गाड़ियां रद्द की गई हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : इस समय छोटी लाइन की 33 जोड़ी गाड़ियां रद्द हैं जिनमें से 19 जोड़ी गाड़ियां वर्षा, टूट-फूट बांधों के निर्माण आदि के कारण अस्थाई रूप से रद्द की गयी हैं।

मैरो गेज लाइनों के इंजनों तथा डिब्बों की अन्य देशों को बिक्री

1343. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार का विचार नैरो गेज लाइनों के बेकार पड़े इंजनों तथा डिब्बों को कुछ अन्य देशों को बेचने का है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : जी हां। मांग प्राप्त होने पर सरकार छोटी लाइन के उन इंजनों और सवारी डिब्बों को बेचने के लिए सदैव इच्छुक रहती है जिनकी उपादेयता समाप्त हो गयी है।

छोटी लाइनों को बन्द करने का प्रस्ताव

1344. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में छोटी लाइन अलाभप्रद पाई गई है ;

(ख) यदि हां, तो 1973 से मार्च 1976 तक की अवधि के दौरान इन लाइनों पर कितनी हानि उठानी पड़ी ; और

(ग) क्या देश में छोटी लाइनों को बंद करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो कब तक।

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) :

(क) जी हां, उनमें से अधिकांश।

(ख) लाभांश को छोड़कर पिछले दो वर्षों के दौरान जो हानि हुई है वह इस प्रकार है :–

1973–74	6.24 करोड़ रुपये
1974–75	8.65 करोड़ रुपये

वर्ष 1975–76 में हुई हानि के आंकड़ों को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

(ग) रेल मंत्रालय की यह नीति है कि आमान की बहुलता जो कि यातायात के संचालन में एक अवरोध बन गया है, को उत्तरोत्तर दूर किया जाय और सारे देश में समान रूप से बड़े आमान की लाइने बनायी जायें। लेकिन यह एक निर्धारित कार्यक्रम के आधार पर करना पड़ेगा और इसमें काफी समय लगेगा।

Electrification of Olavakkot-Trivandrum Railway Line

1345. SHRI C. JANARDHANAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the cost-*cum*-feasibility study for electrification of Olavakkot-Trivandrum Central section has been started; and

(b) if so, the progress so far made thereon?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH): (a) and (b). Survey work is in progress and is expected to be completed by early next year.